Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 16-08-2005

Participants : Shiwankar Shri Maha Deo Rao

>

Title : Need to provide financial assistance for early completion of Dr. Babasaheb Ambedkar Memorial at Mhow, Madhya Pradesh.

प्रो. महादेवराव शिवनकर (चिमूर) : भारत रत्न डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर की जन्मस्थली महु (मध्य प्रदेश) में 1991 में एक स्मारक का कार्य शुरू हुआ था। मध्य प्रदेश की सरकार ने उसमें कुछ धन लगाया था, लेकिन वह स्मारक अभी भी अधूरा पड़ा है। उस स्मारक को पूर्ण करने के लिए करीब पांच करोड़ रूपये की आवश्यकता है। लेकिन दुर्भागय की बात है कि केन्द्र सरकार का ध्यान इस ओर अभी तक नहीं गया है। डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर के नाम पर पिछले 50 वर्षों में अनेक पार्टियों ने वोट मांगे हैं और उनमें से अनेक नेता सत्ता में रहे हैं, लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर की जन्मस्थली का स्मारक 15 वर्ा के बाद भी अधूरा पड़ा है। देश के महान नेताओं के स्मारक भावी पीढ़ी को दिशा देने की दृटि से प्रेरणा और तीर्थस्थली होते हैं। इसलिए केन्द्र सरकार से आग्रह है कि भारतीय संविधान के शिल्पकार भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर के स्मारक को पूर्ण करने के लिए उसे अविलंब पांच करोड़ की धनराशि दी जाए[MSOffice90]। आज उस स्मारक के आसपास भूमि बहुत कम है, काफी छोटा प्लॉट है। उस भूमि से लगकर पंजाब रैजीमैंट की सातवीं बटालियन की भूमि है। इसलिए मेरी मांग है कि उस सेना की भूमि में से 50 एकड़ भूमि उस स्मारक में देकर उसका विस्तार करें और भारत का एक आदर्श, एक दैदीप्यमान स्मारक पूरे देश में हो। केन्द्र सरकार इस दृटि से पहल करे, यह मैं आपके माध्यम से सरकार को सूचित करना चाहता हूं।

सभापति महोदय : श्री चन्द्र शेखर दूबे। दूबे जी, आपसे अनुरोध है कि अपने वक्तव्य में किसी व्यक्ति विशेा का नाम न लें।

...(व्यवधान)

श्री चन्द्र शेखर दूबे (धनबाद) : व्यक्ति विशेा का नाम नहीं लूंगा लेकिन जो इंडस्ट्री के मालिक हैं...(व्यवधान)

सभापति महोदय : आप बोलिए।